# खाद्य मंत्री ने की जनसुनवाई, विधायक निधि से पैंतीस कार्यो के लिये दो करोड़ से अधिक राशि की अभिशंसा



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बीकानेर स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की और लूणकरणसर में प्रबुद्धजनों से संवाद किया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की मांग पर विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति की। सादुलगंज स्थित आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान खाद्य मंत्री के समक्ष पानी, बिजली, सड़क, स्कूलों में स्टाफ की नियुक्ति, अतिक्रमण हटाने सहित राजस्व और अन्य विभागों से जुड़े प्रकरण प्राप्त हुए। श्री गोदारा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई और इस दौरान प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी नियमित जनसुनवाई कर रहे हैं। उच्च स्तर पर इनकी नियमित मॉनिटरिंग होती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और संचय के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश भर में वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जन-जन का अभियान बने, इसके मद्देनजर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि बीकानेर में भी अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम होंगे। लूणकरणसर में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद करते हुए श्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचे, इसके प्रयास किए जाए। इस दौरान ग्रमीणों ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग रखी, जिस पर उन्होंने राशि स्वीकृति की अभिशंसा की।

## दोहराया विकास का संकल्प

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की मांग पर खाद्य मंत्री ने विकास कार्यों के लिये 2 करोड़ 35 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति विधायक निधि से स्वीकृत करते हुए विकास का संकल्प दोहराते हुए कहा विकास कार्यों के धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। वे बोले कि खेल मैदानों, वाचनालयों, स्कूलों में फर्नीचर से जुड़े सर्वाधिक कार्य स्वीकृत किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर वातावरण मिले, इसके लिए सतत कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने सामुदायिक भवन के कुछ कार्य भी स्वीकृत किए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अलावा विधायक निधि से भी अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मंत्री श्री गोदारा ने कहा कि इन कार्यों को भी प्राथमिकता से शुरू करवाया जाएगा, जिससे आमजन को इनका लाभ मिल सके।

# बीकाणे में गर्मी का कर्फ्यू, तापमान 45 डिग्री के पार

*तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। नौतपा की गर्मी के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जबकि बाजारों और सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा देखने को मिल रहा है।*



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** नौतपा की भीषण गर्मी और हीट वेव ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बुधवार को यहां का न्यूनतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अस्पतालों में डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को जहां 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था, वहीं बुधवार को इसमें एक डिग्री की और वृद्धि हुई। बुधवार को हवा की रफ्तार करीब 24 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई, लेकिन गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को राहत देने के बजाय और अधिक परेशान किया। गर्मी के कहर आलम ये है कि दोपहर के समय सड़कों पर मिनी कर्फ्यू जैसा सन्नाटा दिखाई दिया। शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त इलाकों में भीषण गर्मी का असर साफ तौर पर देखा गया। तेज धूप और लू से बचने के लिए लोग पूरी तरह सतर्क दिखाई दिए। कई लोग चेहरे पर साफा बांधकर निकले, तो कुछ ने मास्क और सूती कपड़ों का सहारा लिया। दोपहिया वाहनों पर यात्रा करते समय लोग खुद को पूरी तरह कपड़ों से ढककर सफर करते दिखे। वहीं, मौसम विभाग ने पहले ही बीकानेर संभाग में अधिकतम तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई थी। विभाग के अनुसार 27-28 मई को तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# वीर सावरकर की जन्मजयंती पर गोष्ठी का आयोजन

कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** प्रखर राष्ट्रभक्त और महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की 143वीं जन्मजयंती पर गुरुवार को वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति द्वारा गवर्मेंट प्रेस रोड़ पर डॉ. करणी सिंह स्टेडियम के समीप स्थित उनके स्मारक स्थल पर प्रातः 8.30 बजे पुष्पांजलि और गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। समिति के सचिव मोहित राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास होंगे और अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य द्वारा की जाएगी। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार पृथ्वीराज रतनू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक नरेंद्र सिंह बीका, समुद्र सिंह राठौड़, पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित सहित अनेक गणमान्यजन और राष्ट्रप्रेमी उपस्थित रहेंगे।

# फसल सुधार, मिट्टी के स्वास्थ्य तथा उन्नत तकनीकों के विकास के लिए काम करें वैज्ञानिक



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक खेती को उन्नत, लाभदायक और जलवायु-अनुकूल बनाने के लिए अनुसंधान और नवाचारों पर विशेष ध्यान दें। फसल सुधार, मिट्टी के स्वास्थ्य तथा उन्नत तकनीकों के विकास को वैज्ञानिक अपने शोध में शामिल करें। कुलगुरु डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने प्री रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बुधवार को अनुसंधान सभागार में आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसंधान के दायरे को बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अनुसंधान का पूरा लाभ समाज को मिले। उन्होंने कहा कि रबी फसल के लिए दस गुना बीज उत्पादन के लक्ष्य तय किए जाएं। देशी कॉटन के सीड की मांग के मद्देनजर किसानों की सहभागिता से बीज उत्पादन किया जाए। फार्मर पार्टिसिपेशन के लिए फूलफ्रूफ प्लानिंग करते हुए कार्य करें। वहीं, अनुसंधान निदेशक डॉ एन के शर्मा ने ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर रिसर्च के सभी 14 प्रोजेक्ट्स का प्रजेंटेशन लेते हुए परियोजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा इसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे विद्यार्थियों के शोध को भी नई दिशा मिले इसके लिए वैज्ञानिकों को विद्यार्थियों के साथ मिलकर कार्य करना होगा जिससे उनके अनुसंधान का लाभ विश्वविद्यालय को मिल सके। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के आरकेवाई प्रोजेक्ट्स में प्रगति लाने के निर्देश दिए। नॉन प्लान तथा एआरएस पर किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पूर्व वैज्ञानिक पी आर कोठारी ने कहा कि बीज उत्पादन जैसे कार्यों में प्लानिंग करते हुए किसानों की सहभागिता आवश्यक है। इससे किसानों के लिए आमदनी का नया जरिया बन सकेगा वहीं विश्वविद्यालय को भी आय सृजन में सहायता मिलेगी। बैठक में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ दीपाली धवन, डॉ आर एस यादव, डॉ राजेंद्र सिंह राठौड़, डॉ ए के शर्मा, डॉ भूपेंद्र, डॉ शीशपाल सिंह, डॉ दाताराम, विभिन्न विभागों के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।


## कार्यालय पंचायत समिति बाप, फलोदी

कमांकः लेखा/निविदा/पसबा /2026-27/ 412 दिनांक 27-05-2026

### निविदा सूचना-03/2026-27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की पंचायत समिति बाप के अधीनस्थ ग्राम पंचायतो के अन्तर्गत कराये जाने वाले नरेगा, वीबी रामजी और पंचायतीराज विभाग के विकास कार्यो के लिए वितीय वर्ष 2026-27 के लिए सामग्री आपूर्ति करने एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धाराओ एव पंचायती राज नियम 1996 के नियमो के तहत सक्षम प्राधिकारी के अधीन वस्तु एव सेवाकर में पंजीकृत विनिर्मिताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिक्रताओ जो किसी भी राजकीय संस्थान/ उपक्रमों से बोली लगाने से ब्लैक लिस्टेड / विवर्जित नहीं हो, से निविदाएं दिनांक 08.06.2026 साय 6-00 बजे तक ई निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्तें ऑनलाईन/कार्यालय में उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत/पंचायत समिति बाप के कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा www.sppp.rajsthan.gov.in एव www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।

NIB NO. - PGJ2627A0018
UBN NO. - PGJ2627GLRC00094 से 128

निविदा के ऑनलाईन विवरण निम्नानुसार है:-

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बाप(फलोदी)



राजस्थान सरकार

## कार्यालय उपायुक्त आबकारी निरोधक दल संभाग बीकानेर

सिविल लाईन्स कोठी नं. 39, रविन्द्र रंग मंच के सामने बीकानेर, 334001 (राजस्थान)

ई-मेल - EOEPF.BIKANER.EXCISE@RAJASTHAN.GOV.IN फोन न. - 0151-2220114

क्रमांक- उपायुक्त/नि.दल/स्टोर/2026-27/724 दिनांकः- 21.05.2026

### -:: बोली आमंत्रण सूचना 01 व 02 / 2026 ::-

उपायुक्त, आबकारी निरोधक दल संभाग बीकानेर के अधिनस्थ कार्यालयों हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक से निम्नानुसार बोली आमंत्रित की जाती है।

| बोली संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रू.) | बोली शुल्क (रू.) | प्रतिभूति राशि (रू.) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | बोली खोलने की तिथि | UBN NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/ 2026 | 4 कम्प्यूटर मय ऑपरेटर (Machine With Man) | 6,06,560 | 200 | 12131 | 04.06.2026 को प्रातः 11.00 तक | 04.06.2026 को 12.00 NOON | EXC2627 SSOB00013 |
| 02/ 2026 | 04 लांगरी | 4,40,880 | 200 | 8818 | 04.06.2026 को प्रातः 11.00 तक | 04.06.2026 को 12.00 NOON | EXC2627 SSOB00017 |

विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in या कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है।

(पोमाराम)
उपायुक्त,
आबकारी निरोधक दल
संभाग बीकानेर।

DIPR/C/9154/2026


# नसबंदी ऑपरेशन में लापरवाही से विवाहिता की मौत मामले में जांच की मांग




कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बाप (सुरेश कुमार खत्री)।** नसबंदी ऑपरेशन के दौरान चिकित्सीय लापरवाही से विवाहिता की हुई मौत के मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करवाने की मांग को लेकर बुधवार को बाप में स्वर्णकार समाज के लोगों ने एसडीएम सत्यनारायण को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि फलोदी के राजकीय चिकित्सालय में निजी संस्थान चंद्रमंगल एनजीओ की एक टीम द्वारा 16 मई 2026 को नसबंदी ऑपरेशन का शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में फलोदी निवासी श्रीमती संजू सोनी ने भी नसबंदी का ऑपरेशन करवाया था। ऑपरेशन के दौरान डाक्टर व नसबंदी टीम की लापरवाही के चलते श्रीमती संजू के पेट की आंत कट गई। इससे दिनांक 18 मई 2026 को पीबीएम अस्पताल बीकानेर में उपचार के दौरान संजू सोनी की मौत हो गई। इस मामले में दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय हस्तकला विकास एवं शिक्षण संस्थान जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी, श्रवण सोनी, मोहनलाल सोनी, जगदीश सोनी, गोपाल सोनी, लक्ष्मण सोनी, लालचंद सोनी, हेमराज सोनी, मुरली सोनी, हनुमान सोनी, राजू सोनी, जसराज सोनी, कार्तिक सोनी, रमेश सोनी, दीपचंद सोनी आदि उपस्थित थे।

# हादसों का न्यौता दे रही नाले की उखड़ी जाली

कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** शहर में जस्सूसर गेट के अंदर बीके स्कूल के पास नाले की उखड़ी जाली हादसों को न्यौता दे रही है। इस मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता चौरूलाल सुथार ने नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया है कि नाले की जाली पूरी तरह उखड़ चुकी है। मुख्य सड़क मार्ग होने के कारण इस रास्ते हजारों वाहन गुजरते है। इससे हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके लिये नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदार है। जिनको इस बाबत अवगत भी कराया जा चुका है। लेकिन बड़े ही खेद का विषय है कि इस गंभीर समस्या का निस्तारण आज तक नही किया गया है।




## उत्तर पश्चिम रेलवे

### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 12.06.2026 को 15.00 बजे** तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **निविदा सख्याः 34। कार्य का नाम व स्थानः** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन हनुमानगढ़-गोगामेड़ी खण्ड पर सेस में सुधार का कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 1,38,47,817.20/-। **धरोहर राशिः** Rs. 2.77.000.00/-। **निविदा सख्याः 35। कार्य का नाम व स्थानः** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन श्रीगंगानगर में डिस्ट्रीब्यूटेड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के संबंध में एस एंड टी बिल्डिंग, 3 ओसी हट एवं संबंधित कार्यो का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 3,38,90,522.23/-। **धरोहर राशिः** Rs. 6,77,800.00। **निविदा सख्याः 36। कार्य का नाम व स्थानः** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-प्रथम के अधीन बठिण्डा-सूरतगढ़ खण्ड पर स्थित समपार सं. 91 किमी. 137/3-4 पर फोरलेन आरओबी के संबंध में सिविल इंजीनियरिंग यूटीलिटी को शिफ्टिंग करने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 21,39,226.89/-। **धरोहर राशिः** Rs. 42,800.00/-। नोटः अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 779-MG/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

## निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 0117680700023408, 4240, 4305, 4325, 4347, 4394, 4471, 4616, 4806, 5068, 5120, 5620, 0117680730051771, 1804, 1818, 1901, 2321, 2682, 3268, 3467, नोखा, 0135170700013926, 5048, 5178, 5621, 0135170730038874, 9086, 9567, 9856, 9866, 0416, 0625, 1897, पंच शती सर्कल, 0115300700028048, 8777, 8977, 9051, 9060, 9086, 9098, 9168, 9387, 9427, 9461, 9504, 9523, 9724, 9775, 9795, 9861, 9946, 9969, 0199, 0115300730073106, 8815, 8967, 0705, 0750, 1317, 1323, 1399, 1551, 1982, 2216, 2250, 2452, 3896, 0259, 0265, 0271, श्री डुंगरगढ, 0135300700013966, 4435, 4502, 6349, 0135300730041139, 0146, गंगानगर, रायसिंह नगर, 0135100700038191, 8343, 8355, 8427, 8756, 8814, 8919, 9007, 9009, 9011, 9669, 0135100730042873, 3342, 4199, 4640, 4861, 5009, 5375, 5404, 5618, 5821, 6065, 6066, 6067, 6632, रविन्द्र पथ, 0117420700037432, 8111, 8216, 8259, 8316, 8323, 8377, 8584, 8623, 9019, 0117420730042792, 3077, 4660, 4844, 5026, 5605, 0268, सुखाड़िया सर्कल, 0117490700022753, 2796, 0117490730024825, 6976, 7257, सूरतगढ राजस्थान, 0135560700024304, 4861, 5412, 5430, 5606, 5766, 5818, 6156, 6162, 6368, 7599, 7921, 0135560730052156, 5390, 5889, 6016, 6444, 6639, 7317, 7747, 8484, 0582, 1068, 1640, 1710, 1864, 0891,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



## उत्तर पश्चिम रेलवे — बीकानेर डिविजन

### "सार्वजनिक सूचना"

रेलवे लाईन व लाईन के समीप परिसर का प्रयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर ओवरहेड ट्रेक्शन कर्षण तारों को दर्शायी गई तारीख पर या उसके बाद **25,000 वोल्ट, 50 हर्ज**, प्रत्यावर्ती विदुयत धारा द्वारा उर्जित (इनर्जाइज) कर दिया जायेगा।

दर्शायी गयी तारीख से ओवरहेड ट्रेक्शन कर्षण तारों को हमेशा व पूरे समय उर्जित माना जाए तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कथित लाईनों के नजदीक नहीं जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा।

| अनुभाग | उर्जित (इनर्जाइज) करने की तारीख |
|---|---|
| लालगढ़ यार्ड में, OHE मास्ट संख्या LGH/1042 (कि.मी. 318/266.50) से OHE मास्ट संख्या LGH/3067 (कि.मी. 318/970) तक के खंड में, लालगढ़ ट्रिप शेड लाइनों के विद्युतीकरण कार्य के कारण। | 26.05.2026 |

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 781-MG/26



## कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, उ॰वि॰ एवं राजस्व खण्ड प्रथम बीकानेर

क्रमांकः 334-52 दिनांक 21.05.2026
फोन :- 0151-2226456 ई-मेल :- eepdr1.bik.phed@rajasthan.gov.in

### बोली सूचना संख्या :- 4-15/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत/सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु यह बोली Website www.dipronline.org एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है बोली प्रपत्र विकय अंतिम दिनांक 09.06.2026 को 12.00 बजे तक बेचे जावेगें एवं दिनांक 10.06.2026 को दोपहर 12 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 3:00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जो भी उपस्थित रहना चाहे, के समक्ष खोली जावेगी।

बोली शुल्क ई-चालान/नगद/ डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से बजट मद 0075-00-800-52-01 एवं धरोहर राशि जो कि बजट मद 8443-00-108-00-00 के द्वारा एक कार्य का एक ही ई-चालान/ डिमाण्ड ड्राफ्ट से जमा करवाना आवश्यक है, जो कि 23616-अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा अभि विभाग उ.वि. एवं राजस्व खण्ड प्रथम बीकानेर के नाम देय हो । एक कार्य का एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक है । बोली प्रपत्र, ई-चालान/डिमाण्ड ड्राफ्ट इस कार्यालय में दिनांक 10.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक होगा।

आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की समस्त शर्ते लागू होगी। कुल 12 कार्य है जिनकी कुल लागत 34.96 लाख है।

एसपीपी कोड संख्या :-
PHE2627WSOB01390, PHE2627WSOB01391, PHE2627WSOB01392, PHE2627WSOB01394, PHE2627WSOB01397, PHE2627WSOB01398, PHE2627WSOB01399, PHE2627WSOB01400, PHE2627WSOB01401, PHE2627WSOB01404, PHE2627WSOB01405, PHE2627WSOB01406

DIPR/C/9252/2026

(नितेश सागर)
अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि.विभाग नगर,उ.वि. एवं राजस्व खण्ड प्रथम,बीकानेर